Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 15-05-2007

Participants : Sajjan Kumar Shri

>

Title: Need to undertake measures for release of raw water from Yamuna Western Canal, Haryana to Delhi.

श्री सज्जन कुमार (बाहरी दिल्ली): महोदय, राष्ट्रीय राजधानी सरकार दिल्ली के दो कार्यरत वाटर ट्रीटमेंट प्लांटस नांगलोई व बवाना से बाहरी दिल्ली ग्रामीण तथा शहर क्षेत्र में पीने के पानी की आपूर्ति की जा रही है। दोनों प्लांटों की ट्रीटमेंट क्षमता अलग अलग 40 एमजीडी है, परन्तु कच्चे पानी की कमी के कारण अभी ट्रीटमेंट करने में लगभग आधी क्षमता से उत्पादन हो रहा है, जिससे इलाकों में पानी की किल्लत है तथा लोगों को कठिनाईयां उठानी पड़ती है। दिल्ली जल बोर्ड द्वारा टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जा रही है जो एक अस्थाई व्यवस्था है। स्थायी व्यवस्था के लिये दिल्ली सरकार तथा हरियाणा सरकार के बीच सहमति होने के लिये यमुना वेस्टर्न कैनाल से अतिरिक्त कच्चे पानी के बंटवारे के लिए कैनाल की मरम्मत चल रही थी जो पूर्ण हो गई तथा दिल्ली सरकार द्वारा खर्चे का भुगतान कर दिया गया है। कच्चे पानी छोड़ने के लिये केन्द्रीय वाटर कमीशन ने अप्रैल, 2007 में सर्वे किया जाना था।

अतः मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि यमुना वेस्टर्न कैनाल से अतिरिक्त कच्चे पानी को रिलीज करने के लिये शीघ्र आवश्यक कदम उठाये जाये तथा पानी का स्थायी समाधान किया जाये।

---

* Treated as laid on the Table.